# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा./संस्था/एफ–1/12102/सी.भ./विभिन्न विषय/रिशफल आवंटन/2020 दिनांक 03-04-2023

**संयुक्त निदेशक,**
**(स्कूल शिक्षा) सम्भाग कार्यालय,**
**पाली।**

विषयः– राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक, माध्यमिक शिक्षा परीक्षा–2016 विषय संस्कृत (नॉन–टीएसपी) में मुख्य सूची से चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थी को संभाग आवंटन एवं नियुक्ति के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 25.09.2018, 30.10.2018, 14.07.2020 एवं 20.07.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर एसबीसिरिपी संख्या 5853/2019 दिनेश चौधरी व अन्य बनाम सरकार में पारित निर्णय दिनांक 23.02.2022 की पालना की दायर अवमानना याचिका संख्या 617/2022 में पारित निर्णय दिनांक 14.03.2023 की पालना में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पत्रांक एफ.6(1)परीक्षा/व0अ0(मा. शि.)/2016–17/संस्कृत/718 दिनांक 27.03.2023 के द्वारा वरिष्ठ अध्यापक, माध्यमिक शिक्षा परीक्षा–2016 विषय संस्कृत (नॉन–टीएसपी) में मुख्य सूची से चयनित 01 अभ्यर्थी को स्पष्ट पात्र मानते हुए अभिस्तावना मय आवेदन पत्र नियुक्ति हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

अतः निम्नांकित अभ्यर्थी का सम्भाग आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थी को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्रों एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तों के अध्यधीन काउंसलिंग दिनांक 06-04-2023 ......को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किया जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 27-04-2023 रखी जावें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाकर प्रति संस्थापन एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| विषय | मेरिट न. | रोल नम्बर | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | जन्मतिथि | वर्ग | चयन वर्ग | आवंटित मण्डल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SANSKRIT | M-1421-A | 195934 | SURAJ KANWAR CHUNDAWAT | GIRDHARI SINGH CHUNDAWAT | 03-05-1990 | GE,WE | GENM | PALI |

उक्त नियुक्ति वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) भर्ती परीक्षा–2016 के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में दायर डीबीएसएडब्ल्यू संख्या 28/2023 आयोग बनाम दिनेश कुमार चौधरी व अन्य में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अध्याधीन रहेगी।

उक्त अभ्यर्थी के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें। शेष शर्ते विभिन्न विषयों के प्रथम मण्डल आवंटन पत्र में दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार यथावत रहेगी।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक, माध्यमिक शिक्षा परीक्षा–2016 विषय–संस्कृत (नॉन–टीएसपी) में मुख्य सूची से चयनित अभ्यर्थी के सम्भाग आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. सहायक निदेशक, शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)